# जनप्रतिनिधियों ने सिरोंज जिला बनाने आयोग के समक्ष लगाई गुहार

**खास बातें**

- नपाध्यक्ष, पार्षदों ने आयोग सदस्य से की मुलाकात
- सिरोंज जिला बनने से क्षेत्र का होगा सर्वांगीण विकास



**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज 17 सितम्बर, सिरोंज को जिला बनाने की मांग को लेकर सिरोंज नपाध्यक्ष मनमोहन साहू के नेतृत्व में नगरपालिका के पार्षदों ने बुधवार को मध्यप्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के सदस्य एस.एन. मिश्रा से मुलाकात कर सिरोंज को जिला बनाने की गुहार लगाई.**

इस मौके पर मध्यप्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के सदस्य को सौंपे गए ज्ञापन में उन्होंने तहसील सिरोंज को नवीन जिला बनाये जाने की मांग करते हुए कहा कि भौगोलिक परिस्थितियों एवं जन अपेक्षाओं के आधार पर और सुलभ प्रशासन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तहसील सिरोंज को जिला बनाया जाना चाहिए. जिससे क्रियान्वित योजनाओं का लाभ आम नागरिकों तक सुगमता से पहुँचे और आमजनों को दी जा रही सुविधाओं बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ती सड़क बिजली, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा का बेहतर क्रियान्वयन हो सकें. नगर सिरोंज की विदिशा शहर से 85 किलोमीटर की दूरी है, जबकि लटेरी तहसील के अंतिम ग्राम बाजना की दूरी करीब 150 किमी है. इस कारण जिला मुख्यालय पर अपनी समस्याओं को लेकर पहुँचने वाले नागरिकों को परेशानी होती है. नागरिकों को समय पर मूलभूत सुविधाओं व योजनाओं का लाभ मिले यह मध्यप्रदेश सरकार की मंशा है. तहसील सिरोंज जिला बनने हेतु भौगोलिक स्थिति, जनसंख्या घनत्व, बुनियादी सुविधाएँ और प्रशासनिक जरूरतों के मापदण्डों को पूर्ण करती है. उन्होंने तहसील सिरोंज को जिला बनाये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की. ज्ञापन के साथ नवीन जिला गठन के लिए प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग की प्रश्नावली की बिंदुवार जानकारी भी लिखित एवं तथ्यात्मक आंकड़ों के साथ प्रस्तुत की. इस दौरान नपा उपाध्यक्ष मनोज साईनाथ, पार्षद हरिचरण अहिरवार, जयनारायण सेन, सचिन शर्मा, तोषमणि पंथी, बलजीत यादव, धर्मेंद्र जैन, फईम मो., अजमल शेर खान, संजू सोनी, इकराम, गुड्डू, राजा मियां आदि मौजूद रहे.

## वर्षों पुरानी है सिरोंज जिला बनाने की मांग

सिरोंज को जिला बनाने की मांग वर्षों पुरानी है. क्षेत्र के नागरिकों द्वारा समय-समय पर अपनी इस मांग को लेकर आंदोलन, प्रदर्शन, ज्ञापन आदि दिए गए. लेकिन हर बार क्षेत्र के लोगों को निराशा ही हाथ लगी. कई सरकारें आई, और कई सरकारें गई. लेकिन सिरोंज जिला नहीं बन सका. और न ही सिरोंज क्षेत्र को रेलवे की सुविधा मिल सकी. सिरोंज को जिला बनाने से क्षेत्र की जनता को सुविधा मिलने के साथ ही क्षेत्र का विकास हो सकेगा. क्षेत्र में रोजगार के नए नए अवसर पैदा हो सकेंगे. सिरोंज पूर्व में रियासत टोंक एवं आजादी के बाद राजस्थान राज्य में रहा. वहीं 1956 में मध्यप्रदेश के गठन में सिरोंज को मध्यप्रदेश में विदिशा जिले के अनुविभाग के रूप में शामिल किया गया. जिसके बाद से सिरोंज को जिला बनाने की क्षेत्र की जनता द्वारा मांग की जा रही है. क्षेत्र की जनता द्वारा समय-समय पर अपनी इस मांग को लेकर चरणबद्ध आंदोलन, प्रदर्शन, पदयात्रा एवं ज्ञापन दिए जा चुके हैं. क्षेत्र में हर बार चुनावों के समय सिरोंज को जिला बनाने की क्षेत्र की जनता की मांग सामने आती है. चुनावों के समय में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं द्वारा भी जनता की इस मांग का समर्थन भी किया जाता हैं. लेकिन चुनाव होने के उपरांत इस दिशा में प्रभावी कार्यवाही न होने के कारण क्षेत्र की जनता को हर बार निराशा ही हाथ लगती है. अभी तक सिरोंज को जिला का दर्जा नहीं मिल सका है. सिरोंज को जिला बनाने से जहां एक ओर क्षेत्र की जनता को सुविधाएं मिल सकेंगी. वहीं दूसरी तरफ क्षेत्र में व्यापार, उद्योग, धंधों का विकास हो सकेगा. क्षेत्र में रोजगार के नए नए अवसर पैदा हो सकेंगे.



# तहसीलदार ने किया नष्ट हुई फसलों का निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**
**पठारी 17 सितम्बर,** समीपस्थ ग्राम उकायला में त्योंदा तहसीलदार रितु राय ने राजस्व अधिकारी एवं कृषि विभाग के अधिकारी के साथ अतिवृष्टि से नष्ट हुई किसानों की फसल का नुकसान देखने के लिए खेतों में पहुंची.जहां सोयाबीन की फसलें देख कर कहा कि अधिक बारिश के कारण फसले अधिकांश ख़राब हो चुकी हैं. किसानों ने तहसीलदार से सर्वे कराकर उचित मुआवजा की मांग की है. तहसीलदार रितु राय ने मौके पर किसानों से बात की साथ ही कहा कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों से बात कर खराब हुई फसलों का सर्वे कराकर अधिकारियों को अवगत कराएंगे.इस दौरान किसान बहादुर सिंह, भूपेंद्र सिंह, बलवंत, प्रेम सिंह, प्रकाश, शिवराज सिंह, नरेश साहब सिंह आदि किसान मौजूद रहे.

**एक नजर में**

## 1225 मेट्रिक टन की यूरिया रैक आज होगी प्राप्त

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित की जिला विपणन अधिकारी श्रीमती राखी रघुवंशी ने बताया कि विदिशा जिले को गुरूवार 18 सितम्बर को इफको यूरिया की एक रैक प्राप्त होगी जिसमें विदिशा जिले को आवंटित यूरिया की मात्रा 1225 मैट्रिक टन है.उपरोक्त यूरिया का संस्थावार आवंटन जारी किया गया है जिसके अनुसार संस्थावार आवंटन की जानकारी तदानुसार विदिशा एक को सौ मैट्रिक टन, बासौदा दो को दो सौ मैट्रिक टन, शमशाबाद को सौ मैट्रिक टन, कुरवाई को 175 मैट्रिक टन, ग्यारसपुर को सौ मैट्रिक टन, विपणन संघ को कुल 675 मैट्रिक टन, पेक्स समिति हेतु पांच सौ मैट्रिक टन, एमपी एग्रो को पचास मैट्रिक टन यूरिया आवंटित किया गया है. जिला विपणन अधिकारी श्रीमती रघुवंशी ने बताया कि जिले को इफको यूरिया की रैक से प्राप्त स्कंध का वितरण विपणन संघ के भण्डारण केन्द्रो द्वारा शनिवार 20 सितम्बर से किया जाएगा.नगद स्कंध प्राप्त करने के लिए टोल फ्री नम्बर 07592-181 पर कृषको द्वारा टोकन प्राप्त किए जा सकते है.टोकन प्राप्ति दिनांक को ही मान्य किए जाएंगे.

## जिला बदर का आदेश जारी

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अंशुल गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के पालन प्रतिवेदन पर एक प्रकरण में जिला बदर के आदेश जारी कर दिए है. जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी आदेश में उल्लेख है कि विभिन्न अपराधों में लिप्त अनावेदक शुभम पाठक पुत्र लोकेश उम्र 33 वर्ष निवासी दुर्गाचैक तलैया मोहल्ला थाना कोतवाली विदिशा के विरूद्व मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत जिला बदर की कार्यवाही छह माह के लिए की गई है. उक्त अवधि में विदिशा जिला एवं सीमावर्ती जिला रायसेन, भोपाल, गुना, अशोकनगर, सागर, राजगढ़ की राजस्व सीमा से छह माह की कालावधि के लिए उसे निष्कासित किया गया है.

## नशीली दवाओं की रोकथाम हेतु गठित समिति की बैठक आज

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा**, कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में नारकोटिक्स एवं अन्य नशीली दवाओं की रोकथाम के लिए गठित समिति की बैठक गुरूवार 18 सितम्बर को आयोजित की गई है. संयुक्त कलेक्टर ने बताया कि यह बैठक कलेक्ट्रेट के सभागार में दोपहर एक बजे से शुरू होगी. बैठक में इन बिन्दुओं पर चर्चा कर निर्णय लिए जाएंगे उनमें नीद एवं ट्रंक्वेलाईजर श्रेणी की दवाओं के विक्रय के संबंध में, जिले में पदस्थ मनोचिकित्सको की जानकारी, संचालित नशामुक्ति केन्द्र एवं उपचाररत व्यक्ति, नशामुक्ति केन्द्र में उपचार संबंधी व्यवस्था, मादक पदार्थो के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम के लिए विभागीय अधिकारियो के मध्य समन्वय व विशेष अभियान आकस्मिक जांच कार्य के अलावा जनजागरूकता संबंधी कार्यो पर चर्चा की जाएगी.



## पोषण माह के अंतर्गत हुआ कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**
**अटारीखेजड़ा,** ग्राम पंचायत अटारी खेजड़ा में पोषण माह के प्रथम दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम के साथ शुभारंभ किया गया. जिसमें महिला बाल विकास , ग्राम पंचायत के अधिकारी व कर्मचारी एवं अमेरिकन फाउंडेशन द्वारा ग्राम के सभी हितग्राही एवं निवासियों को पोषण संबंधित जानकारी दी गई एवं योजनाओं का लाभ के बारे में बताया.जिसमें ग्राम पंचायत सरपंच रामदयाल अहिरवार, जनपद सदस्य फारुख चच्चा ,सचिव जगदीश यादव, महिला बाल विकास की सेक्टर सुपरवाइजर सुश्री दुर्गेश जादौन, परियोजना अधिकारी अरुण कांत प्रजापति सहित आगनवाड़ी कार्यकर्ता निशा खरे अमेरिकन फाउंडेशन से सुश्री कृति प्रधान एवं दीक्षा चौहान उपस्थित रहे.

## शांति समिति की बैठक आज

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आज गुरूवार 18 सितम्बर को आयोजित की गई है यह बैठक पुलिस कंट्रोल रूम पुलिस लाइन विदिशा में सायं चार बजे से शुरू होगी. कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री गुप्ता के द्वारा जारी पत्र का हवाला देते हुए शाखा प्रभारी व संयुक्त कलेक्टर श्रीमती मोहिनी शर्मा ने बताया कि आगामी त्यौहार नवदुर्गा, दशहरा, दीपावली, गुरूनानक सहित अन्य त्यौहारो के परिपेक्ष्य में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है। समिति के सभी सदस्यों और विभिन्न विभागो के अधिकारियों को जिला स्तरीय शांति समिति बैठक की सूचनाएं सम्प्रेषित की गई है.

# महाविद्यालय में हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत हुआ काव्य पाठ

**नवभारत न्यूज**
**कुरवाई,** शासकीय महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत हिंदी पखवाड़ा मनाया जा रहा है. गत दिवस काव्य पाठ का आयोजन किया गया. काव्य पाठ का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. एके चतुर्वेदी एवं प्रमुख कवि प्रमोद चौहान ने मां सरस्वती को दीप प्रज्वलित कर किया. सुरेंद्र प्रजापति, सोनू अहिरवार सहित विद्यार्थियों ने स्वरचित कविता पाठ किया. सुश्री वर्षा निगम, डॉ.सपना साहू, डॉ. मोहम्मद सादिक सहित अन्य प्राध्यापकों ने भी स्वरचित कविता पाठ किया. सेवानिवृत्ति सैनिक, अध्यापक,कवि प्रमोद कुमार चौहान ने हमारा मान है सम्मान है अभिमान है हिंदी कविता के




माध्यम से हिंदी भाषा के प्रति एक नया दृष्टिकोण प्रतिपादित किया तथा मां सरस्वती, वीर सैनिकों के प्रति अपने कविता के माध्यम से सबका ध्यान आकर्षित किया. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. के. चतुर्वेदी ने मेरा जीवन-आत्मदर्शन स्वरचित कविता के माध्यम से हर चुनौती समय की, स्वीकार की है, कष्ट से घबरा के, मुख मोडा नहीं है.पंक्तियों के द्वारा विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया. संचालन भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ शासकीय महाविद्यालय कुरवाई के नोडल अधिकारी डॉ. संदीप कुमार पाण्डेय तथा आभार हिंदी विभाग अध्यक्ष डॉ. नीलम जैन ने किया.

## स्मार्ट विद्युत मीटर के विरोध में आज होगा प्रदर्शन

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा, स्मार्ट विद्युत मीटर को लेकर विद्युत उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश देखा जा रहा है.नागरिकों का कहना हे उक्त विद्युत मीटर बहुत तेजी से चलता है जिससे रीडिंग बहुत अधिक आती है उपभोक्ता इस मीटर को लेकर बहुत परेशान है सभी का कहना है यह विद्युत मीटर नहीं लगना चाहिए.**

नागरिकों ने निर्णय लिया कि विद्युत विभाग कंपनी के विरुद्ध धरना प्रदर्शन कर विरोध किया जावे.18 सितंबर को अंबेडकर चौक से प्रदर्शन शुरू होगा और एक ज्ञापन विद्युत विभाग के अधिकारी को दिया जाएगा तथा एसडीएम को भी ज्ञापन नागरिक देंगे और अपना विरोध जताएंगे.सत्ता में बैठे जनप्रतिनिधियों को भी जनहित में आगे आना चाहिए.क्योंकि सभी दुखी है और विरोध कर रहे हैं.

## मां के नाम अभियान अंतर्गत लगाये पौधे

**नवभारत न्यूज**
**सांची,** जनपद पंचायत सांची की ग्राम पंचायत कचनारिया में मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं विधायक डॉ. प्रभूराम चौधरी, पूर्व मंत्री रामपाल सिंह राजपूत कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा सहित स्वसहायता समूह की हितग्राही दीदियों ने एक बगिया मां के नाम परियोजना के अंतर्गत



पौधे रोपे.इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए पौधों की देखभाल की शपथ दिलाई. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे.

## श्रीमद भागवत कथा में सुनाया श्रीकृष्ण-सुदामा मिलन का वर्णन

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा**, किरी मोहल्ला स्थित श्री रघुनाथ जी मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के अंतिम और सातवें दिन एकादशी के शुभ अवसर पर कथा व्यास पंडित नारायण प्रसाद शर्मा ने द्वारकाधीश भगवान श्री कृष्ण और उनके परम मित्र सुदामा के मिलन का बहुत ही मार्मिक चित्रण किया.कथा व्यास ने कहा कि भगवान की अनन्य भक्ति से मनुष्य को परम शांति और परम वैभव की प्राप्ति होती है. भगवान के बालसखा एवं परम भक्त ब्राह्मण सुदामा इस बात के उदाहरण हैं. श्रीमद् भागवत के पहले स्कंध से 12वें स्कंध तक की कथा का सार संक्षेप भी सुनाया. संगीत मंडली ने बहुत ही सुंदर भजनों की प्रस्तुति की. भागवत जी का मूल पाठ पंडित बालकृष्ण शर्मा ने किया. कथा में संस्कृत भारती के विभाग संयोजक सुरेंद्र सिंह कुशवाह ,रामस्वरूप शर्मा अशोक शर्मा एडवोकेट उपस्थित रहे.

# पितरों को याद कर किया पौधरोपण

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा,** पंचतत्व संरक्षण समिति के हम सभी ने यह ठाना है, हर हाथ से पौधा लगाना है.अभियान के अंतर्गत आज संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय में आम और जामुन किस्म के 05 पौधे लगाए गए. समिति के सदस्यों, महाविद्यालय के प्रोफेसरों एवं छात्र छात्राओं ने पौधारोपण किया, यह पौधे पितृ पक्ष के अवसर पर पितरों को याद करके उनके नाम पर पंचतत्व के सदस्य प्रमोद सिंह ने अपने पिताजी के नाम पर , सदस्य अवंतिका जाट सदस्य योगेश जाट ने एवं नागरिक बैंक के हरिओम भावसार ने अपने पिताजी के नाम पर एवं एसडीओ फॉरेस्ट के स्व. श्री सुनील कुमार जैन की स्मृति में पौधे लगाए गए. पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड एवं पौधे पंचतत्व संरक्षण समिति सदस्यों ने उपलब्ध कराए हैं. पौधों के संरक्षण की जवाबदारी महाविद्यालय स्टॉफ ने ली हैं .इस अवसर पर पंचतत्व अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह दांगी, प्रमोद सिंह राजपूत, राकेश पुरोहित, बृजेंद्र दांगी, अमित विश्वकर्मा, धर्मेंद्र दांगी, वीरेंद्र महागौर रणवीर दांगी, रमन दांगी,अशोक भावसार, महाविद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र ठाकुर, सुनील पाटीदार, सुमनलता गुप्ता, सरिता घेंघट,सुनीता ठाकुर, शिवानी गौर, निखिल शर्मा ओर बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थे.

# एसएसटीआई में विश्व ओजोन संरक्षण दिवस पर हुई संगोष्ठी

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा, एसएटीआई के अप्लाइड साइंस विभाग द्वारा सोमवार को विश्व ओजोन संरक्षण दिवस 16 सितंबर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया.कार्यक्रम का विषय था.विज्ञान से लेकर वैश्विक कार्यवाही तक.**

संगोष्ठी में छात्रों और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया.विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज दातार ने ओजोन परत को पृथ्वी का सुरक्षा कवच बताते हुए इसके संरक्षण को सामूहिक जिम्मेदारी बताया. कार्यक्रम संयोजक डॉ. स्वाति दुबे ने .ग्रीन केमिस्ट्री की महत्ता पर प्रकाश डाला और पर्यावरण अनुकूल रसायनों के उपयोग पर जोर दिया.छात्रों ने ओजोन परत ह्रास, उसके दुष्प्रभाव, हानिकारक रसायनों और वैश्विक स्तर पर हुए प्रयासों जैसे मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल पर जानकारी प्रस्तुत




की.वक्ताओं ने बताया कि सभी देशों के संयुक्त प्रयासों से ओजोन परत धीरे-धीरे पुन: सामान्य हो रही है और वर्ष 2060 तक इसकी स्थिति बेहतर हो जाएगी.अंत में सेमिनार प्रतियोगिता का मूल्यांकन कर प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया.डॉ. नम्रता राजावत ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, छात्रों और संस्था प्रबंधन का आभार व्यक्त किया.कार्यक्रम ने छात्रों को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया.

**आयोजन** | **निकले चल समारोह, पूजा अर्चना के साथ सम्पन्न हुआ महोत्सव**

# सुंदरकांड पाठ व हवन पूजन के साथ मनी विश्वकर्मा जयंती

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा, भगवान श्री विश्वकर्मा पूजन महोत्सव नगर में पूरे उत्साह के साथ मनाया गया. विश्वकर्मा पांचाल समाज द्वारा हवन पूजन के पश्चात नगर में विशाल शोभायात्रा चल समारोह निकाला गया. जिसमें बड़ी संख्या में समाज के साथ अन्य समाजों के श्रद्धालु उपस्थित थे.**

जगह-जगह पूजन आरती पुष्प वर्षा कर भगवान विश्वकर्मा जी चल समारोह में चल रहे लोगों का स्वागत किया और भगवान की पूजा अर्चना की विश्वकर्मा मंदिर बरेठ रोड पर आयोजित कार्यक्रम में समाज के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया रात्रि में भजन संध्या एवं रात्रि जागरण में भजन कीर्तन श्रद्धालुओं द्वारा प्रस्तुत किए गए.इस अवसर पर विशाल



भंडारा भी हुआ कार्यक्रम में नगर के जनप्रतिनिधियों के साथ गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे सभी ने भगवान श्री विश्वकर्मा जी की आरती उतारी पूजा अर्चना की और प्रसादी ग्रहण की.

### सांची में हर्षोल्लास से मनी जयंती

सांची नगर में विश्वकर्मा जयंती हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई.इस अवसर पर बड़ी संख्या में विश्वकर्मा समाज के लोग एवं नगर के गणमान्य नागरिक सम्मिलित हुए.श्री विश्वकर्मा जी की भव्य शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई, जिसका जगह-जगह स्वागत किया गया.नगरवासियों ने शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा कर श्रद्धा अर्पित की. यात्रा के उपरांत आयोजन का समापन सामूहिक कार्यक्रमों के साथ किया गया.

### पठारी में भी मनी देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती

पठारी नगर में विश्वकर्मा समाज द्वारा भगवान विश्वकर्मा देव शिल्पी की जयंती बुधवार को श्रद्धा भाव एवं हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई एवं कार्यक्रम का आयोजन खुरई रोड स्थित विश्वकर्मा निवास पर मनाई गई इस दौरान विश्वकर्मा समाज के नागरिकों द्वारा देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की गई एवं भारत माता मंडल द्वारा सुंदरकांड पाठ एवं हवन कर प्रसादी का वितरण किया गया.कार्यक्रम के दौरान विश्वकर्मा समाज के नागरिकों ने कहा कि शास्त्रों में भगवान विश्वकर्मा को सृजन और निर्माण का देवता माना गया है. भगवान विश्वकर्मा ने कृष्ण की द्वारकापुरी, पुष्कर विमान, इंद्र भगवान का बक्, भगवान शिव का त्रिशूल, पांडवों की इंद्रप्रस्थ नगरी का निर्माण किया था इसलिए किसी भी निर्माण से जुड़े लोग श्रद्धा भाव से भगवान विश्वकर्मा की श्रद्धा भाव से पूजन अर्चना करते हैं.इस दौरान विश्वकर्मा समाज के सभी नागरिक मौजूद रहे.

## पीएम एक्सीलेंस में आयोजित हुआ रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा 30 दिवसीय रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया. व्यक्तित्व विकास व सॉफ्ट स्किल्स विषय पर आधारित 20 दिवसीय यह प्रशिक्षण स्थानीय सेडमैप संस्था द्वारा आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने व्यक्तित्व विकास, कंप्यूटर प्रशिक्षण, समूह चर्चा, साक्षात्कार की तैयारी, रिज्यूम बनाना इत्यादि प्रशिक्षण प्राप्त किया.सेडमैप से आए दिनेश गावडे के समन्वय में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया.17 सितंबर को समापन के अवसर पर सभी विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के प्रमाण पत्र वितरित किए गए. इस कार्यक्रम में संस्था की प्राचार्य डॉ, वनिता बाजपेई ने उच्च शिक्षा विभाग व सेडमैप के प्रति आभार व्यक्त करते हुए शासन की इस महती योजना के विषय में प्रकाश डाला व विद्यार्थियों को यह बतलाया कि इस तरह के प्रशिक्षण उनके भविष्य के लक्ष्यों को पूर्ण करने हेतु मील का पत्थर साबित होंगे.

# भय मुक्त माहौल कैसे ग्रहण करें शिक्षा, शाला आने किया उत्साहित

**शाला कालापठार में आयोजित हुआ शैक्षिक संवाद**

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा, शासकीय प्राथमिक शाला कालापठार में जनशिक्षा केन्द्र कन्या उमाबि का शैक्षिक संवाद आयोजित किया गया. इस शैक्षिक संवाद मे सीएसी प्रकाश दीक्षित, चरण सिंह रघुवंशी ने शिक्षकों से शाला संचालन छात्रों का शैक्षणिक स्तर के बारे मे चर्चा की. साथ ही तृप्ति तिवारी मास्टर ट्रेनर एवं सीएसी द्वारा शिक्षकों को गतिविधियों द्वारा कक्षा 1,2 के छात्र छात्राओं को कैसे पढ़ाया जावे.वह भय मुक्त माहौल में कैसे शिक्षा ग्रहण करे छात्रों को स्वयं शाला आने को उत्साहित रहे यह बताया गया सभी शिक्षकों ने अपने अपने अनुभव साझा करते हुए शाला और छात्रो के स्तर मे कैसे सुधार हो यह बताया.**

शिक्षकों ने एक स्वर मे शासकीय प्राथमिक शाला की व्यवस्थाओं छात्रो के संस्कार और शैक्षणिक स्तर देखकर शाला प्रभारी प्रथ्वी सिंह रघुवंशी की प्रशंसा करते हुए कहा कि अगर शासकीय शालाए ऐसी हो तो छात्रों को प्राइवेट मे जाने की जरूरत ही महसूस नहीं होगी.वहीं शासन से मांग भी की शिक्षक स्यमं आवेदन कर अपनी योग्यता प्रमाणित करे यह उचित नही है शासन को स्वयं रिपोर्ट लेकर मूल्यांकन करना चाहिए.इस अवसर पर निशा सिंह ,माधवी भाटिया, भारती शर्मा ,गीता तोमर, कबिता जैन,रीना रघुवंशी, सोफिया खान ,गीता पंथी ,कुंती कोरी ,मनीषा दिबाकर, रानी रघुवंशी, आरती अहिरवार, राजेश चौधरी, रामराज सिंह दांगी, श्रीकांत माथुर ,बिजय श्रीबास्तव आदि शिक्षक गण उपस्थित थे.